SHRI DEREK O'BRIEN (West Bengal): Sir, I associate myself with the Special Mention raised by the hon. Member.

DR. PRABHAKAR KORE (Karnataka): Sir, I also associate myself with the issue raised by the hon. Member.

SHRI LAL SINH VADODIA (Gujarat): Sir, I also associate myself with the Special Mention raised by the hon. Member.

### Need to give special package to provide safe drinking water in certain districts of Bundelkhand in Uttar Pradesh

**श्री विशम्भर प्रसाद निषाद** (उत्तर प्रदेश) : महोदय, उत्तर प्रदेश के चित्रकूट धाम मण्डल के जनपद - बांदा, महोबा, हमीरपुर, चित्रकूट के सैकड़ों गांवों में पीने के पानी का संकट है । जल स्तर लगभग 2 से 6 मीटर तक नीचे चला गया है । कुएं ज्यादातर सूख गए हैं, तालाबों में पानी सूख गया है, जिससे पीने के पानी का संकट पैदा हो रहा है । जनपद बांदा, विकासखण्ड बड़ोखरखुर्द के मटौंध क्षेत्र में पीने के पानी का भीषण संकट है । जनपद चित्रकूट के पाठा क्षेत्र में पानी का भीषण संकट है । कई किलोमीटर जाकर दूसरे गांवों और तालाबों से पीने के लिए पानी लाना पड़ता है । इसी तरह जनपद महोबा के कबरई विकासखण्ड में दर्जनों गांवों में पीने के पानी का संकट है । महोबा के मदनसागर तालाब व चरखारी के तालाबों में सीवर का पानी गिराया जाता है, जिसे रोकने का इंतजाम किया जाना चाहिए । जनपद हमीरपुर, विकाखण्ड मौदहा के ग्राम कपसा, गुसियारी, इचौली, नायकपुरवा, जिगनौडा, फत्तेपुरवा, करहिया, खण्डेह, रीवन, बहिंगा सहित दर्जनों गावों का पानी खारा होने के कारण पीने के पानी का संकट है । जल निगम द्वारा पानी की टंकी बनवाकर उक्त गावों में पेयजल आपूर्ति पाइप लाइन द्वारा तथा तालाबों, कुओं की सफाई कराया जाना आवश्यक है ।

अतः मैं केंद्र सरकार से मांग करता हूं कि बुन्देलखण्ड के उपरोक्त जनपदों में पीने के पानी की व्यवस्था हेतु यमुना नदी से पाइप लाइन बिछवाकर तथा तालाबों, कुओं की सफाई करवाकर पेयजल आपूर्ति करवाने हेतु 500 करोड़ रूपये की धनराशि का विशेष पैकेज प्रदान किया जाए ।

**डा. अनिल कुमार साहनी** (बिहार) : सर, मैं इनके विशेष उल्लेख से स्वयं को सम्बद्ध करता हूं ।

**श्री आलोक तिवारी** (उत्तर प्रदेश) : महोदय, मैं भी इनके विशेष उल्लेख से स्वयं को सम्बद्ध करता हूं ।

**श्रीमती कहकशां परवीन** (बिहार) : महोदय, मैं इनके विशेष उल्लेख से स्वयं को सम्बद्ध करती हूं ।

**श्री अरविन्द कुमार सिंह** (उत्तर प्रदेश) : महोदय, मैं इनके विशेष उल्लेख से स्वयं को सम्बद्ध करता हूं ।